संख्या 18-966

संयुक्त राज्य के

सर्वोच्च न्यायालय

में

वाणिज्य विभाग, और अन्य,

याचिकाकर्ता,

बनाम

न्यू यॉर्क, और अन्य,

प्रतिवादी।

द्वितीय सर्किट के लिए संयुक्त राज्य अपीलीय न्यायालय के समक्ष निर्णय से पहले उत्प्रेषण-लेख (Certiorari) की रिट पर

हैरिस काउंटी, टेक्सास के न्याय मित्रों (AMICI CURIAE) द्वारा संक्षिप्त विवरण, के पी जॉर्ज, फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश, अपनी व्यक्तिगत क्षमता में, और मारफा शहर, टेक्सास, प्रतिवादियों के समर्थन में

टेरेंस ओ'रोरके
स्कॉट लेमंड
हैरिस काउंटी के अटर्नी, विंस रियान का कार्यालय, 1019 कांग्रेस
हूस्टन, टेक्सास 77002
(713) 274-5102

सूसन हेज़
रिकॉर्ड की अधिवक्ता
सूसन हेज़ का कानूनी कार्यालय, Pc
पी.ओ. बॉक्स 41647
ऑस्टिन, टेक्सास 78704
hayslaw@me.com
(214) 557-4819

न्याय मित्रों के अटर्नी

हैरिस काउंटी, टेक्सास के न्याय मित्रों (AMICI CURIAE) द्वारा संक्षिप्त विवरण, के पी जॉर्ज, फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश, अपनी व्यक्तिगत क्षमता में, और मारफा शहर, टेक्सास, प्रतिवादियों के समर्थन में

सर्वोच्च न्यायालय के नियम 37.2 के अनुसरण में, हैरिस काउंटी, टेक्सास ("हैरिस काउंटी"), के पी जॉर्ज, फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश, अपनी व्यक्तिगत क्षमता में ("के पी जॉर्ज"), और मारफा शहर, टेक्सास ("मारफा") पूरे सम्मान के साथ प्रतिवादियों के समर्थन में न्यायमित्रों का यह संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हैं।[1]

---

[1] सर्वोच्च न्यायालय के नियम 37.2 के अनुसरण में, न्यायमित्रों ने यहाँ सभी पक्षों के लिए रिकॉर्ड के अधिवक्ता से यह संक्षिप्त विवरण दायर करने की लिखित सहमति प्राप्त कर ली है, क्योंकि याचिकाकर्ता और प्रतिवादी - दोनों ने न्यायालय में पूर्ण सहमति दायर की हैं। नियम 37.6 के अनुसरण में अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता यह प्रमाणित करता है कि: (1) किसी पक्ष के किसी अधिवक्ता ने यह संक्षिप्त विवरण पूरी तरह से अथवा आंशिक रूप से नहीं लिखा, (2) किसी पक्ष अथवा पक्ष के अधिवक्ता ने यह संक्षिप्त विवरण तैयार करने अथवा प्रस्तुत करने के लिए निधि उपलब्ध कराने के इरादे से राशि का योगदान नहीं किया; और (3) न्यायमित्रों अथवा उनके अधिवक्ताओं के अतिरिक्त किसी व्यक्ति अथवा इकाई ने इस संक्षिप्त विवरण को तैयार करने अथवा प्रस्तुत करने के लिए धन से कोई योगदान नहीं किया।

न्यायमित्रों की पहचान और हित

हैरिस काउंटी 4,652,980 की जनसंख्या (2017 की स्थिति के अनुसार)[2] के साथ टेक्सास की सर्वाधिक जनसंख्या वाली काउंटी है, देश की तीसरी सर्वाधिक जनसंख्या वाली काउंटी है, और 2010 से, देश की दस सर्वाधिक जनसंख्या वाली काउंटी में सबसे तेजी से बढ़ रही काउंटी है। क्षेत्र-वार 1,778 वर्ग मील के साथ हैरिस काउंटी टेक्सास की सबसे बड़ी काउंटी है, जिसकी पुरानी अंतरराष्ट्रीय सीमा, न्यूसिस नदी के पूर्व में स्थित है। हैरिस काउंटी 10% से अधिक अप्रलेखित निवासियों वाली टेक्सास की अड़तालीस काउंटियों में से एक है और यहाँ प्राथमिक आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक अप्रलेखित लोग रहते हैं, जिनकी अनुमानित संख्या 764,767, अथवा एक कांग्रेस जिले के अनुमानित आकार के बराबर है। जहाँ इस काउंटी की 16.9% जनसंख्या अप्रलेखित है, वहीं यहाँ की 26% जनसंख्या विदेशी पैदाइश की है, जिससे हैरिस काउंटी में अप्रलेखित और विदेशी-पैदाइश वाले लोगों का अनुपात वादी की केमरोन और एल पासो काउंटी से अधिक हो जाता है।

हूस्टन शहर के बाहर हैरिस काउंटी के अनिगमित क्षेत्र और काउंटी के अन्य तीस से अधिक शहरों में दो मिलियन से अधिक की जनसंख्या है। यदि अनिगमित हैरिस काउंटी स्वयं में एक शहर होती, तो यह टेक्सास का दूसरा सबसे बड़ा शहर होती (केवल हूस्टन से पीछे) और

---

[2] **जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, जनसंख्या से संबंधित सभी आंकड़े** 2017 **के अमेरिकी सामुदायिक सर्वेक्षण के** 1-**वर्ष अथवा** 5-**वर्ष के अनुमानों से लिए गए हैं।** U.S. **जनगणना ब्यूरो**, 2017 Am. Comm. **देखें सर्वेक्षण**, https://www.census.gov/programs-surveys/acs/data.html.

देश का पाँचवाँ सबसे बड़ा शहर होती।

जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है, हूस्टन का क्षेत्र अत्यधिक विविधतापूर्ण है और इस विविधता के कारण यह आर्थिक रूप से मजबूत है। हूस्टन में अस्सी से अधिक विदेशी सरकारों के कार्यालय हैं। हैरिस काउंटी में संयुक्त राज्य के पेट्रो-रासायनिक संयंत्रों का सबसे बड़ा संकेंद्रण है। हूस्टन का बंदरगाह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अग्रणी U.S. बंदरगाहों में से एक है।

के पी जॉर्ज को 2018 में फोर्ट बेंड काउंटी का काउंटी न्यायाधीश, टेक्सास में काउंटी सरकार का मुख्य अधिशासी अधिकारी चुना गया था, जो बड़ी काउंटियों में कोई न्यायिक कार्य नहीं करते। भारतीय-अमेरिकी प्रवासी के रूप में, वे इस पद पर कार्य करने वाले प्रथम गैर-अंग्रेज़ पुरुष हैं। फोर्ट बेंड काउंटी बड़ी उपनगरीय काउंटी है, जो दक्षिण-पश्चिम में हैरिस काउंटी के साथ लगी है और देश की सबसे तेजी से बढ़ती काउंटियों में से एक है, जिसने 2010 से 30% से अधिक की वृद्धि की है। फोर्ट बेंड इसके 45.7% निवासियों के पास कॉलेज डिग्री अथवा इससे उच्च डिग्री के साथ सुशिक्षित है और प्रति परिवार $93,645 की औसत आय के साथ संपन्न है। हैरिस काउंटी की तरह फोर्ट बेंड अब बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक है, लेकिन अलग मिश्रण के साथ, क्योंकि इसकी 20% से अधिक जनसंख्या एशियाई है और केवल 24.5% जनसंख्या हिस्पेनिक है। 1990 की स्थिति के अनुसार फोर्ट बेंड काउंटी प्रत्येक प्रमुख जनसांख्यिक समूह के बीच लगभग समान संतुलन के साथ देश के जातीय रूप से सर्वाधिक विविध क्षेत्र की जातीय रूप से सर्वाधिक विविध काउंटी थी: हिस्पेनिक, अफ्रीकी अमेरीकी, ऐंगलो, और एशियाई, जो इसे पूरे देश की आनुपातिक रूप से सर्वाधिक नहीं

तो सर्वाधिक विविध काउंटी में से एक काउंटी बनाता है।[3] इसकी विदेशी पैदाइश वाली जनसंख्या 27.6% के साथ अनुपात में हैरिस काउंटी के समान है (इसी प्रकार यह वादी की केमरोन और एल पासो काउंटियों से अधिक है, परंतु हिडाल्गो काउंटी के बराबर है) परंतु यहाँ अप्रलेखित लोगों का अनुपात 12.7% के साथ कम है।

बिग बेंड क्षेत्र में टाइनी मारफा, टेक्सास, प्रेसिडियो काउंटी की काउंटी सीट है। इसकी जनसंख्या प्रेसिडियो काउंटी में 7191 में से 1885 व्यक्ति है। इस क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि मोटे तौर पर न के बराबर है। फोर्ट बेंड काउंटी के बिल्कुल विपरीत, प्रेसिडियो में 83.6% के साथ हिस्पेनिक बहुत अधिक हैं, 38.6% विदेशी पैदाइश वाले और 28.8% अप्रलेखित हैं। यह क्षेत्र हूस्टन क्षेत्र की तुलना में निर्धन है और यहाँ की प्रति परिवार औसत आय केवल $26,486 है। प्रेसिडियो काउंटी 3,855 वर्ग मील के क्षेत्रफल के साथ हैरिस काउंटी से भी बहुत बड़ी है। यह क्षेत्र अत्यधिक ग्रामीण भी है। जहाँ हैरिस काउंटी में प्रति वर्ग मील 1703 व्यक्ति हैं और फोर्ट बेंड में प्रति वर्ग मील 861 व्यक्ति हैं, वहीं प्रेसिडियो काउंटी में प्रति वर्ग मील केवल दो व्यक्ति हैं।

---

[3] माइकल ओ. एमरसन और अन्य, हूस्टन का क्षेत्र अलगाव में थोड़ी गिरावट के साथ नस्लीय/जातीय रूप से लगातार अधिक विविध बन रहा है*: 1990, 2000,* और *2010* के जनसंख्या के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली किंडर इंस्टीट्यूट फॉर अर्बन रिसर्च और हॉबी सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ टेक्सास, राइस यूनिवर्सिटी की 1 मार्च, 2012, https://kinder.rice.edu/research/houston-region-diversity-report की संयुक्त रिपोर्ट।

न्यायमित्रों की वैज्ञानिक रूप से की गई 2020 की दशकीय जनगणना में गहरी रुचि है, जो न केवल कांग्रेस जिलों के विभाजन के लिए बल्कि राज्य सीनेट और हाउस, काउंटी कमिशनरों, सिटी काउंसिल, स्कूल बोर्डों, और असंख्य अन्य स्थानीय सरकारी पदों हेतु जिलों के विभाजन के लिए यथासंभव सटीक तथा पूर्ण है। इसके अतिरिक्त नागरिकता के प्रश्न को जनगणना से जोड़ने के परिणामस्वरूप गणना में होने वाली कमी के कारण अधिकार-क्षेत्रों द्वारा संघीय निधि का अपना उचित हिस्सा खोने का खतरा है। इसके अतिरिक्त राज्य तथा स्थानीय निधि के उपयोग सहित प्रभावकारी नीति निर्माण उनके संबंधित अधिकार-क्षेत्रों में उपस्थित "व्यक्तियों की पूर्ण संख्या" की सटीक, पूर्ण गणना पर निर्भर करता है।

क्योंकि 2020 की दशकीय जनगणना में नागरिकता के प्रश्न को जोड़ने से प्रत्येक अधिकार-क्षेत्र में उल्लेखनीय विदेशी-पैदाइश वाली जनसंख्या की गणना कम हो जाएगी, जिससे प्रभावी प्रशासन के लिए अपर्याप्त गलत आंकड़ों के साथ स्थानीय, राज्य, तथा संघीय स्तर पर असंगत रूप से निम्न प्रतिनिधित्व होगा, इसलिए हैरिस काउंटी, के पी जॉर्ज, और मारफा न्यायालय के विचारार्थ यह संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हैं।

बहस का सार

हैरिस काउंटी का विकास व्यापक रूप से हुआ है और यह प्रवासियों द्वारा प्रेरित है, जिन्होंने टेक्सास और देश हेतु आर्थिक इंजन तैयार करने के लिए नए उद्योगों का लाभ उठाया है। पिछले कुछ दशकों में पड़ोस की उपनगरीय फोर्ट बेंड काउंटी में विकास, विविधता तथा संपन्नता में विस्फोट हुआ है, जिसके कारण भारतीय प्रवासी के पी जॉर्ज के रूप में यहाँ का प्रथम गैर-ऐंगलो मुख्य कार्यपालक चुना गया। जहाँ मारफा का छोटा शहर बड़ी काउंटी की आर्थिक ताकत की बराबरी नहीं कर सकता, वहीं यहाँ विदेशी पैदाइश वाली जनसंख्या का हिस्सा अधिक है और यह दशकीय जनगणना में निवल विभेदक गणना कटौती के जोखिम में है।

उत्तेजित बयानबाजी और टेक्सास में प्रवासियों के विरुद्ध शक्ति इस्तेमाल किए जाने की हाल ही की सरकारी कार्रवाइयों से, जनगणना में नागरिकता का प्रश्न जोड़े जाने से निवल विभेदक गणना कटौती की संभावना बढ़ जाती है। प्रवासी तथा सीमा शुल्क प्रवर्तन ("ICE") छापों ने स्थानीय अधिकारियों के विरुद्ध बदला लिया है और राज्य के न्यायालयों में घुसपैठ की है। निर्वासन की प्रामाणिक धमकियों के बाद बिना किसी साथी वाले नाबालिग शरणार्थियों के संभावित प्रायोजक अपने स्वयं के रिश्तेदारों की देखभाल करने से बच रहे हैं। अंत में टेक्सास राज्य ने अपने राज्य के सेक्रेटरी, अटर्नी जनरल और गवर्नर के माध्यम से नागरिकता प्रदान किए गए नागरिकों को इन गलत आरोपों के आधार पर आपराधिक मुकदमे की धमकी दी है कि दसियों हजार गैर-नागरिकों ने टेक्सास में गैर-कानूनी रूप से मतदान किया है।

डर का यह भयावह वातावरण इस आशंका को और प्रबल बनाता है कि दशकीय जनगणना में नागरिकता का प्रश्न जोड़े जाने के बाद

टेक्सास में निवल विभेदक गणना कटौती और अधिक होगी। अतीत में अफ्रीकी-अमेरिकी मतदाताओं को मतदान से वंचित करने के लिए "व्हाइट प्राइमरीज़" का प्रयोग करने की दशकों लंबी प्रथा के समय यह न्यायालय नागरिक क्षेत्र में शामिल होने के इच्छुक लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा का एकमात्र स्रोत था। अब प्रतिनिधित्व तथा प्रभावी प्रशासन के लिए आधार का काम करने वाले आंकड़ों की शुद्धता की सुरक्षा के लिए पुनः न्यायालय के दखल की आवश्यकता है।

यथासंशोधित गणना खंड में सभी लोगों की गणना का प्रावधान है न कि अनादर का व्यवहार किए जाने वाले लोगों के निम्न अनुपात के लिए। जनसंख्या के विज्ञान और ज़िला न्यायालय के निष्कर्षों को देखते हुए, यदि दशकीय जनगणना में नागरिकता का प्रश्न जोड़ा जाता है, तो इसके परिणामस्वरूप ऐतिहासिक रूप से मतदान से वंचित किए गए लोगों का असंवैधानिक न्यून अनुपात होगा और उल्लेखनीय नई विभेदक गणना कटौती होगी।